

TITLE CODE:- UPHIN51504

GARVI GUJARAT

# गरवी गुजरात

गरवी गुजरात

लखनऊ से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 01
अंक : 226
दि. 17.12.2025,
बुधवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा

EDITOR : ASHWANI KUMAR Regd. Office: TF-01, Nanakram Super Market,Ramnagar,Sabarmati, Ahmedabad-380 005. Gujarat, India.

Phone : 90163 33307 (M) 93283 33307, 98253 33307 • Email : garvigujarat2007@gmail.com • Email : garvigujarat2007@yahoo.com • Website : www.garvigujarat.co.in

## प्रधानमंत्री और किंग अब्दुल्ला द्वितीय ने भारत-जॉर्डन व्यापार मंच को संबोधित किया

(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और किंग अब्दुल्ला द्वितीय ने आज अम्मान में भारत-जॉर्डन व्यापार मंच को संबोधित किया। इस बैठक में क्राउन प्रिंस हुसैन और जॉर्डन के व्यापार एवं उद्योग मंत्री तथा निवेश मंत्री भी उपस्थित थे। किंग अब्दुल्ला द्वितीय और प्रधानमंत्री ने स्वीकार किया कि दोनों देशों के बीच व्यापार-संबंधों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने दोनों पक्षों के उद्योगपतियों से आह्वान किया कि वे इस क्षेत्र में संभावनाओं और अवसरों से प्रगति और समृद्धि हासिल करें। किंग अब्दुल्ला द्वितीय ने कहा कि जॉर्डन के मुक्त व्यापार समझौतों और भारत की आर्थिक शक्ति को जोड़कर दक्षिण एशिया और पश्चिम एशिया तथा उससे आगे के क्षेत्रों के बीच आर्थिक गलियारे का निर्माण किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जॉर्डन और भारत के बीच अपने घनिष्ठ सभ्यतागत संबंधों की मजबूत नींव पर वर्तमान साझेदारी अत्यंत उत्साहजनक है। उन्होंने किंग अब्दुल्ला द्वितीय के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व में जॉर्डन बाजारों और क्षेत्रों को जोड़ने वाला सेतु बन गया है तथा व्यापार और प्रगति को बढ़ावा दे रहा है। प्रधानमंत्री ने अगले 5 वर्षों में जॉर्डन के साथ द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करके 5 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का प्रस्ताव रखा। प्रधानमंत्री ने विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की सफलता पर बल देते हुए कहा कि जॉर्डन और संपूर्ण विश्व में अपने साझेदारों के लिए भारत ने अपार व्यावसायिक अवसर प्रदान किए हैं। उन्होंने जॉर्डन की कंपनियों को भारत के साथ साझेदारी करने और इसके 1.4 अरब उपभोक्ताओं वाले बाजार, मजबूत विनिर्माण आधार और टिकाऊ, पारदर्शी तथा पूवार्नुमानित नीतिगत वातावरण का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश विश्व के लिए विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला साझेदार बनने के उद्देश्य से हाथ मिला सकते हैं। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था की 8 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का उल्लेख करते हुए, इस बात पर बल दिया कि यह उत्पादकता-संचालित शासन और नवाचार-संचालित नीतियों का परिणाम है।

प्रधानमंत्री ने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, आईटी, फिनटेक, हेल्थ-टेक और एग्री-टेक के क्षेत्रों में भारत-जॉर्डन व्यापार सहयोग के अवसरों का भी उल्लेख किया और दोनों देशों के



स्टार्टअप को इन क्षेत्रों में हाथ मिलाने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि औषधि और चिकित्सा उपकरण के क्षेत्रों में भारत की शक्ति और जॉर्डन की सुविधाजनक भौगोलिक स्थिति एक दूसरे के पूरक हो सकते हैं और जॉर्डन को इन क्षेत्रों में पश्चिम एशिया और अफ्रीका के लिए विश्वसनीय केंद्र बना सकते हैं।

उन्होंने कृषि, कोल्ड चेन, फूड पार्क, उर्वरक, अवसंरचना, ऑटोमोबाइल, ग्रीन मोबिलिटी और विरासत एवं सांस्कृतिक पर्यटन के क्षेत्रों में दोनों पक्षों के लिए व्यापारिक अवसरों का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने भारत की हरित पहलों के बारे में बोलते हुए नवीकरणीय ऊर्जा, हरित वित्तपोषण, विलवणीकरण और जल पुनर्चक्रण के क्षेत्रों में भारत-जॉर्डन के बीच अधिक व्यापारिक सहयोग का सुझाव दिया।

भारत-जॉर्डन व्यापार की बैठक में अवसंरचना, स्वास्थ्य, औषधि और दवा निर्माण, उर्वरक, कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा, वस्त्र, रसद, ऑटोमोबाइल, ऊर्जा, रक्षा और विनिर्माण क्षेत्रों के दोनों देशों के व्यापारिक दिग्गजों ने भाग लिया। प्रतिनिधिमंडल में एफआईसीसी और जॉर्डन चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि भी शामिल थे जिनके बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए पहले से ही एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हो चुका है।

### राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में परमवीर दीर्घा का उद्घाटन किया

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में परमवीर दीर्घा का उद्घाटन किया। इस गैलरी में परम वीर चक्र से सम्मानित सभी 21 विजेताओं के चित्र प्रदर्शित हैं। गैलरी का उद्देश्य आगंतुकों को हमारे उन राष्ट्रीय नायकों के बारे में जानकारी प्रदान करना है जिन्होंने हमारे राष्ट्र की रक्षा में अदम्य संकल्प और साहस का प्रदर्शन किया। यह उन वीर योद्धाओं की स्मृति को सम्मान देने की एक पहल है जिन्होंने मातृभूमि की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी।



जिन गलियारों में यह परम वीर दीर्घा बनाई गई है, वहां पहले ब्रिटिश सहायक अधिकारियों के चित्र लगे होते थे। भारतीय राष्ट्रीय नायकों के चित्र प्रदर्शित करने की यह पहल औपनिवेशिक मानसिकता को त्यागने और भारत की समृद्ध संस्कृति, विरासत और शाश्वत परंपराओं को गर्व से अपनाने की दिशा में एक सार्थक कदम है।

परम वीर चक्र भारत का सर्वोच्च सैन्य सम्मान है जो युद्ध के दौरान असाधारण वीरता, साहस और आत्मबलिदान के लिए प्रदान किया जाता है।

## सीएम योगी की चेतावनी: मिलावटी और नकली खाद बेचने वालों पर लगेगा रासुका... गड़बड़ी पर विजिलेंस से जांच होगी

लखनऊ (जीएनएस)।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों को खाद मिलने में हो रही मुश्किल पर कहा कि अब अफसरों की जवाबदेही तय होगी। वहीं, गड़बड़ी पर विजिलेंस की जांच होगी। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि प्रदेश में मिलावटी व नकली खाद बेचने और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि किसानों को खाद मिलने में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। किसी स्तर पर मिलीभगत या लापरवाही सामने आने पर खुली विजिलेंस जांच कराई जाएगी।



मुख्यमंत्री मंगलवार को खाद की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि सहकारिता और कृषि मंत्री प्रतिदिन खाद की उपलब्धता व वितरण की समीक्षा करें। मुख्यमंत्री कार्यालय से भी प्रत्येक जिले की सीधी निगरानी की जाएगी। खाद वितरण में किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम ने सभी जिलों में डीएम, एडीएम और एसडीएम को खाद की दुकानों और सहकारी समितियों का नियमित व औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओवररेटिंग किसी भी हालत में न हो और खाद समितियां निर्धारित समय के अनुसार खोली जाएं। डीएपी, यूरिया और पोटाश किसानों को केवल तय सरकारी दरों पर ही उपलब्ध कराए जाएं। जहां भी अनियमितता मिले, तत्काल कार्रवाई करते हुए जिम्मेदारी तय की जाए और फील्ड में तैनात अधिकारियों की गतिविधियों पर सतत नजर रखी जाए। बैठक में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और सहकारिता राज्यमंत्री जेपीएस राठौर भी शामिल रहे।

### किसान संगठन के अग्रणियों ने मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल से की मुलाकात

किसान हितैषी दृष्टिकोण के लिए मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया

गांधीनगर, 16 दिसंबर : मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने हाल ही में हुई बेमौसम और असाधारण बारिश की स्थिति में



किसानों के साथ खड़े रहकर 10 हजार करोड़ रुपए का ऐतिहासिक पैकेज घोषित किया है। इस पैकेज का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करने वाले प्रभावित किसानों को अब तक प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिए 5300 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता राशि का भुगतान

## मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने गांधीनगर में लायंस इंटरनेशनल के आईसेम-2025 फोरम का उद्घाटन किया

- आईसेम (क्रअटए) के सदस्य देशों के अलावा अमेरिका, कनाडा, यूरोप, एशिया और अफ्रीका के अनेक आमंत्रित देशों के प्रतिनिधियों सहित 4 हजार से अधिक लोग फोरम में सहभागी हुए
- आईसेम-2025 लीडरशिप, कॉ-ऑपरेशन और गुजरात के वैभव को दुनिया के समक्ष उजागर करेगा : मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल



गांधीनगर, मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने मंगलवार को गांधीनगर में लायंस इंटरनेशनल के आईसेम (क्रअटए)-2025 फोरम का उद्घाटन करते हुए साफ तौर पर कहा कि यह फोरम लीडरशिप, को-ऑपरेशन और गुजरात के वैभव को दुनिया के समक्ष उजागर करेगा।

इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब की ओर से आयोजित 53वें लायंस इंटरनेशनल के आईसेम (क्रअटए) फोरम में भारत, दक्षिण एशिया और मध्य-पूर्व एशिया के देश शामिल हैं। आईसेम के सदस्य देशों के अलावा अमेरिका, कनाडा, यूरोप, एशिया और अफ्रीका के अनेक आमंत्रित देशों के प्रतिनिधियों सहित 4 हजार से अधिक लोग गुजरात में आयोजित इस तीसरे फोरम में भाग ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये लायंस सेवाभावी महात्मा गांधी महात्मा गांधी, सरदार पटेल और विश्व नेता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गृह राज्य में एकत्र हुए, यह भारतीय संस्कृति के 'वसुधैव कुटुम्बकम' मंत्र का जीवंत उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भारत को विश्व मित्र और विकास का सक्रिय भागीदार बनाने के लक्ष्य के साथ काम करते हैं। उनकी मंशा है कि विश्व समुदाय मानव-केंद्रित विकास, वैश्विक सहयोग और सॉफ्ट पावर के साथ मानव कल्याण का सामाजिक हित रखे।

मुख्यमंत्री ने अपेक्षा व्यक्त की कि यह फोरम मोटिवेशन और इनोवेशन का मंच बनेगा और यहां एक मंच पर इकट्ठा हुए लीडर्स, सोशल वर्कर्स, इंस्पायरिंग पर्सनालिटीज और फ्यूचर लीडर्स समाज के जरूरतमंद लोगों के कल्याण के लिए सेवा कार्यों को एक नई दिशा देंगे।

इतना ही नहीं, श्री भूपेंद्र पटेल ने गुजरात में इस फोरम के आयोजन के लिए सभी आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) तथा लायंस के मुख्य सेवा कार्यक्रमों की समीक्षा करके भविष्य की कार्ययोजना बनाने के लिए इस फोरम का गुजरात में आयोजन उचित ही है।

उन्होंने सेवा और नेतृत्व के क्षेत्र में प्रकाश स्तंभ के रूप में कार्यरत लायंस इंटरनेशनल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एक सक्रिय स्वयंसेवक संगठन है, जो 200 से अधिक देशों-प्रदेशों में अपने 49 हजार से अधिक क्लबों के साथ सेवा गतिविधियां चलाता है, और 'वी सर्व' यानी 'हम सेवा करते हैं' की भावना से कार्यरत है।

मुख्यमंत्री ने आईसेम-2025 में उपस्थित विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के समक्ष गुजरात की विकास के रोल मॉडल के रूप में प्रभावशाली प्रस्तुति करते हुए कहा कि गुजरात उद्योग, नवाचार और नए उभरते क्षेत्रों में देश का नेतृत्व कर रहा है।

## शक्ति प्रदर्शन, बीजेपी, कांग्रेस-शरद पवार गुट को दिया झटका

(जीएनएस)।

महाराष्ट्र के चुनाव आयोग ने 15 दिसंबर को महाराष्ट्र की 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव का ऐलान कर दिया है। जिसमें मुंबई बीएमसी चुनाव भी शामिल है। चुनाव की तारीख का ऐलान होते ही महाराष्ट्र की राजनीति में नया भूचाल आ गया है। ये भूचाल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की एनसीपी के कारण आया है। 15 दिसंबर को चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद देर रात बीजेपी, कांग्रेस और एनसीपी (शरद पवार गुट) के 15 से अधिक महापौर, ओर नगरसेवक अजित की एनसीपी में शामिल हो गए हैं।

दरअसल, सांगली-मिरज-कुपवाड़बीजेपी, कांग्रेस और एनसीपी (शरद पवार गुट) के 15 से अधिक पूर्व महापौरों-नगरसेवकों को रातोंरात अपने खेमे में शामिल कर चुनाव से पहले अजित पवार ने शक्ति प्रदर्शन किया है, जो भाजपा, कांग्रेस और शरद पवार की



एनसीपी के लिए तगड़ा झटका है।

सोमवार, 15 दिसंबर की देर रात, इन सभी प्रमुख नेताओं ने पुणे में अजित पवार से मुलाकात कर उनके गुट में शामिल होने की पुष्टि की। इस दलबदल से मिरज शहर की 27 सीटों पर चुनाव लड़ने वाले बीजेपी, कांग्रेस और जयंत पाटिल के एनसीपी गुट की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इसे 'दादा' (अजित पवार) की एक निर्णायक चुनावी चाल माना जा रहा है।

चुनाव से पहले ये दिग्गज नेता अजित की एनसीपी में हुए शामिल

एबीपी माझा के अनुसार, अजित पवार से मिले ये नेता बीजेपी, कांग्रेस और एनसीपी (शरदचंद्र पवार गुट) से संबंधित थे, जिससे तीनों ही दलों को गहरा झटका लगा है। बीजेपी से पूर्व नगरसेवक शिवाजी दुर्वे, जबकि कांग्रेस से पूर्व नगरसेवक करण जामदार और मिरज के पूर्व महापौर किशोर जामदार अजित पवार खेमे में शामिल हो गए हैं।

सबसे बड़ा झटका शरद पवार गुट को लगा

सबसे बड़ा झटका राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार गुट) को लगा है। पूर्व महापौर मैनुद्दीन बागवान, आरिफ चौधरी, चंद्रकांत हुलवान, नर्गिस सय्यद, आजम काजी, रमजान सतरमेकर, अंकुश कोल्हेकर, जनसुराज्य के आनंदा देवमाने और संतोष कोली जैसे दिग्गज नेता अब अजित पवार के साथ हैं। इस मुलाकात के समय विधायक इदरीस नायकवाड़ी, जिलाध्यक्ष निशिकांत पाटिल और पद्माकर जगदाले भी मौजूद थे।

### शीतलहर के बाद अब फॉग का कहर, मध्य प्रदेश में बढ़ा कोहरा, हाई अलर्ट पर 22 जिले!

मध्य प्रदेश में इस बार की सर्दी अपने तीखे तेवर दिखा रही है। पहले कड़ाके की शीतलहर ने लोगों को



ठिठुराया, और अब सुबह होते ही छाने वाला सघन कोहरा जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर रहा है। कई शहरों में दिन चढ़ने के बाद भी कोहरे की चादर पूरी तरह नहीं हट रही है, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई है।

शीतलहर के बाद अब घने कोहरे ने मध्य प्रदेश को अपनी चपेट में ले लिया है। मौसम विभाग ने लगभग आधे प्रदेश के लिए अलर्ट जारी किया है।

## छत्तीसगढ़ को शांति, विश्वास और उज्ज्वल भविष्य का प्रदेश बनाना राज्य सरकार का अटल संकल्प -मुख्यमंत्री साय

(जीएनएस)।

बस्तर में, 34 माओवादी कैडर, जो एक खुले इनाम से जुड़े थे, पूना मरगम नीति के माध्यम से भारतीय संविधान को अपनाकर हिंसा से दूर चले गए। इस कदम में पुनर्वास, रोजगार सहायता और सामाजिक पुनःएकीकरण पर जोर दिया गया है, क्योंकि राज्य शांतिपूर्ण विकास और राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ लोकतांत्रिक रूप से संरेखित विकास के लिए प्रतिबद्ध है।



बस्तर अंचल में शांति, विश्वास और विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है। बीजापुर जिले में 84 लाख रुपये के इनामी 34 माओवादी कैडरों ने हिंसा का मार्ग त्यागते हुए भारतीय संविधान में आस्था जताई है और समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की दृढ़ इच्छाशक्ति के अनुरूप छत्तीसगढ़ को नक्सलमुक्त बनाने की दिशा में किए जा रहे सतत और ठोस प्रयासों का परिणाम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की 'पूना मारगेम' नीति ने यह सिद्ध कर दिया है कि संवाद, संवेदनशीलता और विकास, हिंसा से कहीं अधिक प्रभावी समाधान हैं। यह आत्मसमर्पण केवल हथियार छोड़ने की घटना नहीं है, बल्कि भय और भ्रम से मुक्त होकर सम्मानजनक जीवन की ओर लौटने का निर्णय है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आत्मसमर्पण करने वाले सभी व्यक्तियों के पुनर्वास, सुरक्षा, आजीविका, कौशल विकास और सामाजिक पुनर्समावेशन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, ताकि वे समाज में आत्मनिर्भर बन सकें।

मुख्यमंत्री ने भटके हुए युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे हिंसा का मार्ग त्यागें, लोकतंत्र और विकास के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें तथा प्रदेश और देश के निर्माण में सहभागी बनें।



# सम्पादकीय

## बोंडी बीच पर फिर दिखा वैश्विक आतंकवाद का भयावह चेहरा

ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर आतंकी हमलाः वैश्विक आतंकवाद का भयावह चेहरा, अक्सर देखा गया है कि आतंकी समाज के बीच ही छिपकर रहते हैं। इसलिए आम आदमी को चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नज़र रखनी होगी, सतर्व और जागरूक रहना होगा। सच तो यह है कि आतंकवाद के निरंतर बदलते स्वरूप से निपटने के लिए नए और प्रभावी तरीकों को समय रहते अपनाना होगा। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य के सिडनी में बोंडी बीच (समुद्र तट) पर हमलावरों द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी की घटना में इजरायली नागरिक समेत 16 लोगों की मौत हो गई है, वहीं 29 लोग घायल बताए जा रहे हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार घायलों में एक बच्चा और दो पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं। आस्ट्रेलिया पुलिस ने इसे आतंकी हमला करार दिया है।कितनी बड़ी बात है कि बोंडी बीच में आर्चर पार्व के पास,जो कि भीड़-भाड़ वाली जगह है (ऑस्ट्रेलियन ईस्टर्न डेलाइट टाइम के मुताबिक शाम को क रीब 6.47 पर) दो लोगों की ओर से सार्वजनिक जगह पर गोलीबारी की गई और इलाके को दहला दिया गया। बताया जा रहा है कि आस्ट्रेलिया में हनुक्का त्योहार मना रहे यहूदियों पर यह आतंकी हमला हुआ है, जो बहुत ही शर्मनाक और निदनीय है। हालांकि, पुलिस की गोलीबारी में एक हमलावर भी मारा गया है तथा दूसरा घायल बताया जा रहा है, जिसे गिरफ्तार भी कर लिया गया है, लेकिन आस्ट्रेलिया में हुई यह आतंकी घटना साफ संकेत देती है कि आस्ट्रेलिया भी कहीं न कहीं अन्य देशों की भांति आतंकवाद का शिकार है। पाठकों को बताता चलूं कि एक हमलावर की पहचान पाकिस्तानी मूल के 24 वषाय नवीद अकरम के रूप में हुई है तथा दुनियाभर के नेताओं ने इस आतंकी हमले की घोर निदा की है। स्वयं आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने वैनबरा में पत्रकारों से कहा कि वह इस नरसंहार से बेहद दुखी हैं। उन्होंने कहा, यह हनुक्का के पहले दिन यहूदी आस्ट्रेलियाई लोगों को निशाना बनाकर किया गया हमला है। यह यहूदी-विरोधी और आतंकी वृत्य है जिसने आस्ट्रेलिया के दिल पर हमला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमले की निदा करते हुए प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति संवेदना व्यत्त की है तथा साथ ही यह बात कही है कि भारत आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता रखता है और इसके सभी रूपों व अभिव्यत्तियों के विरुद्ध लड़ाई का समर्थन करता है। इधर, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यह बात कही है कि यह गोलीबारी सुनियोजित हत्या है। मैंने आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को चेतावनी दी थी कि उनके देश की नीतियां यहूदीविरोध को बढ़ावा देती हैं। यहूदीविरोधी भावना तब पैलती है जब नेता चुप रहते हैं। आपको कमजोरी दिखाने की जगह कार्रवाई करनी होगी। बहरहाल, गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया की लगभग 2.8 करोड़ आबादी में करीब 1.17 लाख यहूदी रहते हैं। सात अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इज़रायल पर किए गए हमले के बाद ऑस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। सरकार की विशेष दूत जिलियन सेगल के अनुसार, इन घटनाओं की संख्या तीन गुना से भी ज्यादा हो गई है, जिनमें हमले, तोड़फोड़, धमकियां और लोगों को डराने की घटनाएं शामिल हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पिछली र्गमियों में सिडनी और मेलबर्न जैसे बड़े शहरों में हुए यहूदी विरोधी हमलों ने पूरे देश को झकझोर दिया था। खास बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया की लगभग 85 प्रतिशत यहूदी आबादी इन्हीं शहरों में रहती है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने अगस्त में ऐसे दो हमलों के लिए ईंरान को जिम्मेदार ठहराया था और उसके साथ राजनयिक संबंध भी तोड़ दिए थे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया में बड़े पैमाने पर गोलीबारी की घटनाएं आम नहीं हैं। 1996 में तस्मानिया के पोर्ट आर्थर में हुई भयावह गोलीबारी के बाद, जिसमें 35 लोग मारे गए थे, सरकार ने हथियार कानूनों (गन ला) को बेहद सख्त बना दिया था। इसके बाद से आम लोगों के लिए बंदूक हासिल करना बहुत कठिन हो गया। इस सदी में गोलीबारी की गिनी-चुनी बड़ी घटनाओं में 2014 और 2018 के वुछ हत्या-आत्महत्या के मामले और 2022 में क्वींसलैंड में हुई एक गोलीबारी शामिल हैं।

# रूस ने पकड़ी एस-400 की चोरी तो चीन की शरण में मुनीर, पाकिस्तानी अधिकारी का खुलासा, पुतिन ने क्यों बेइज्जत किया ?

(जीएनएस)।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना के हमले में पाकिस्तान के 70 प्रतिशत से ज्यादा एयर डिफेंस नेटवर्क ध्वस्त हो गये थे। पाकिस्तान, चीनी एयर डिफेंस HQ-9B का इस्तेमाल करता था, जो ब्रह्मोस और स्कैल्प मिसाइलों को रोकने में बुरी तरह से नाकाम हुआ। तन ने शहबाज शरीफ को क्यों बेइज्जत किया?

इस्लामाबादः पाकिस्तान की सेना के पूर्व अधिकारी आदिल रजा ने धमकी देते हुए कहा है कि अगर पाकिस्तानी सेना उन्हें मारने की कोशिश करती है तो वो उन अधिकारियों के नाम का खुलासा कर देंगे, जो पिछले 2 महीने से चीन में बैठे हुए हैं। आदिल रजा ने एक वीडियो के जरिए खुलासा किया है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी क्रक ने एस-400 एयर डिफेंस की टेक्नोलॉजी चुराने के लिए अपने एजेंट्स को रूस भेजा था, जो पकड़े गये हैं। आदिल रजा ने वीडियो में इसके अलावा कई और सनसनीखेज दावे किए हैं और कहा है कि पाकिस्तान ने ऐसा इसलिए किया है, क्योंकि उसके पास एयर डिफेंस सिस्टम नहीं हैं और चीन उसे नये एयर डिफेंस सिस्टम दे नहीं रहा है।

आपको बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना के हमले में पाकिस्तान के 70 प्रतिशत से ज्यादा एयर डिफेंस नेटवर्क ध्वस्त हो गये थे। पाकिस्तान, चीनी एयर डिफेंस HQ-9B का इस्तेमाल करता था, जो ब्रह्मोस और स्कैल्प मिसाइलों को रोकने में बुरी तरह से नाकाम हुआ। भारतीय वायुसेना ने अपने ड्रोन से लद-9इ एयर डिफेंस सिस्टम के रडार को लाहौर में ध्वस्त कर दिया था।




इसके बाद से पाकिस्तान लगातार चीन से एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने के लिए गुहार लगा रहा है, लेकिन चीन पाकिस्तान को एयर डिफेंस देने से इनकार कर रहा है।

पुतिन ने शहबाज शरीफ को क्यों बेइज्जत किया?

आदिल रजा ने कहा है कि पाकिस्तान के कई अधिकारी, जो सिर्फ 2 हफ्ते के लिए चीन गये थे, वो पिछले दो महीने से चीन में बैठे हुए हैं, लेकिन चीन उन्हें एयर डिफेंस देने के लिए तैयार नहीं है। आदिल रजा ने पाकिस्तानी सेना को धमकी दी है कि अगर उन्हें निशाना बनाने की कोशिश की जाती है तो वो उस टीम के सभी अधिकारियों के नाम सार्वजनिक कर देंगे। आदिल रजा का कहना है चीन से एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने के लिए पाकिस्तान के पास पैसे नहीं हैं। इसके अलावा चीनी एयर डिफेंस सिस्टम में कई पुर्जे रूसी लगे हैं, इसीलिए चीन पाकिस्तान को एयर डिफेंस सिस्टम नहीं दे रहा है। उन्होंने खुलासा करते हुए कहा कि इसी को लेकर क्रक ने अपने लोगों को एस-400 की टेक्नोलॉजी चुराने रूस भेज दिया, जहां वो पकड़े गये हैं। इसीलिए पुतिन ने शहबाज शरीफ को 40 मिनट से ज्यादा इतजार करवाया और फिर भी मिलने से मना कर दिया।

आदिल रजा ने कहा है कि एर्दोगन और पुतिन के बीच चल रही बैठक के बीच शहबाज शरीफ जबरदस्ती घुस आए और पुतिन से मिलकर वो सफाई दे रहे थे। अदिल राजा ने इसके अलावा ये भी खुलासा किया है कि F-16 लड़ाकू विमान के मरम्मत को लेकर जो अमेरिकी फंड आ रहा है, उसको लेकर पाकिस्तान अपनी पीठ ठोक रहा है और भारत में हो हल्ला हो रहा है, लेकिन हकीकत ये है कि ये समझौता 2022 में बाइडेन प्रशासन के समय ही हुआ था और दूसरी बात ये, कि जो लिंक अमेरिका पाकिस्तानी एफ-16 में लगा रहा है, उसे सर्विलांस के लिए लगाया जा रहा है, ताकि एफ-16 की हर एक हरकत पर अमेरिका की नजर रहे।

# राज के कारण कांग्रेस ने उद्धव ठाकरे और एमवीए का छोड़ा साथ! क्या शरद पवार मिलकर लड़ेंगे चुनाव

(जीएनएस)।

महाराष्ट्र चुनाव आयोग ने 15 दिसंबर को महाराष्ट्र की 29 महानगरपालिकाओं के साथ मुंबई बीएमसी चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। । 15 जनवरी को मतदान होगा और 16 जनवरी को इसके परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव को तरीख की घोषणा होते ही राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ गई है।

सत्तारूढ़ महायुति में शामिल भाजपा, शिंदे शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी ने सारे आपसी गिले-सिकवे भुलकार साथ मिली चुनावी तैयारियां शुरू कर दी हैं लेकिन विपक्षी महाविकास आघाड़ी में शामिल उद्धव ठाकरे की शिवसेना यूबीटी और राज ठाकरे की मनसे के साथ आने पर कांग्रेस नाराज हो गई है और उसने किनारा कर महाराष्ट्र के निकाय चुनाव और बीएमसी चुनाव अकेले दम पर लड़ने के संकेत दे दिए हैं।

वहीं इस सबके बीच सवाल उठ रहा है कि महाविकास अघाड़ी में शामिल तीसरी पार्टी एनसीपी (एसपी)



के मुखिया शरद पवार क्या एमवीए गठबंधन के तहत ये आगामी चुनाव लड़ेंगे? जानिए क्या बोले दिग्गज नेता शरद पवार...

बता दें ठाकरे ब्रदर्स के करीब आने से नाराज कांग्रेस ने किनारा कर लिया है जिसके बाद महाविकास आघाड़ी के भीतर फूंट पड़ गई है। हाल ही में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के बीच बढ़ती नजदीकी के बाद अनुमान लगाया जा रहा है कि शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) गुट के नेता बीएमसी चुनाव में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के साथ मिलकर लड़ेगी।

बता दें महाराष्ट्र की 29 महानगरपालिकाएं जहां पर चुनाव होने जा रहा है उनमें ठाणे की टीएमसी, पुणे की पीएमसी और मुंबई की सबसे समृद्ध महानगरपालिका बीएमसी है, जिस पर सभी दलों की नजर है। ये ही वजह है कि राज ठाकरे का बहाना बनाकर कांग्रेस अकेले दम पर चुनाव लड़कर अधिक सीटों पर जीत हासिल करना चाहती है।

कांग्रेस ने रुख किया साफ

हालांकि अभी औपचारिक घोषणा नहीं की गई लेकिन हाल ही में हुए घटनाक्रम को देखते हुए साफ हो चुका है कि कांग्रेस आलाकमान के बजाय स्थानीय चुनाव को लेकर फैसला महाराष्ट्र स्तर के नेताओं द्वारा लिया जाएगा। महाराष्ट्र कांग्रेस विधायक विजय वडेट्टीवार ने एबीपी न्यूज को दिए इंटरव्यू में साफ कह दिया है कि कांग्रेस, मुंबई में बीएमसी चुनाव तो अकेले लड़ेगी, लेकिन अन्य महानगरपालिका चुनावों में वह शिवसेना (यूबीटी) और मनसे के साथ गठबंधन करेगी।

क्या शरद पवार की पार्टी एमवीए गठबंधन के तहत लड़ेगी चुनाव?

इन बदलती राजनीतिक परिस्थितियों में, शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने किसी भी विवाद से बचते हुए अपनी स्थिति साफ कर दी है। एनसीपी ने घोषणा की है कि वह सभी महानगरपालिका चुनावों में महाविकास आघाड़ी के साथ मिलकर ही गठबंधन में चुनाव लड़ेगी।

# मनरेगा का नाम बदलने पर बवाल, लोकसभा से निरसन और संशोधन विधेयक पारित

(जीएनएस)।

संसद के शीतकालीन सत्र के 12वें दिन भी दोनों सदनों में हंगामा हुआ। विंटर सेशन में अब केवल चार दिनों की कार्यवाही बाकी है। सरकार की कोशिस है कि इस दौरान ज्यादा से ज्यादा बिल पारित कराए जा सकें। सरकार की तरफ से कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मनरेगा का नाम बदलने लिए विकसित भारत जी राम जी बिल पेश किया। इस बिल का विपक्षी सासंदों ने पुरजोर विरोध किया।

वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि नाम बदलने का क्या तर्क है। सरकार गंभीर समस्याओं के लिए कोई काम नहीं कर रही है। सिर्फ सरकारी योजनाओं के नाम बदले जा रहे हैं। इससे कुछ हासिल नहीं होता है, बल्कि देश का पैसा नाम बदलने में खर्च होता है।




- लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा विधि संशोधन विधेयक) पेश किया। विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया। विपक्ष का कहना है कि बीमा आम आदमी के लिए एक भरोसेमंद विकल्प है। सरकार अब इसे भी अपने पूंजीपति दोस्तों के हवाले करना चाहती है।

- लोकसभा से निरसन एवं संशोधन विधेयक, 2025 पारित हुआ। विधेयक कुछ अधिनियमों को निरस्त करता है और कुछ अन्य अधिनियमों में संशोधन करता है।

- राज्यसभा ने विनियोग (संख्या 4) विधेयक 2025 पर विचार-विमर्श और वापसी के लिए चर्चा हुई। यह धन विधेयक पहले ही लोकसभा द्वारा पारित किया जा चुका है। इसलिए राज्यसभा इस पर चर्चा के बाद इसे वापस कर देगी। राज्यसभा के पास वित्त विधेयक को पारित करने का अधिकार नहीं है, सिर्फ चर्चा की जा सकती है।

राज्यसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा

राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार संसद में किसी भी मुद्दे पर चर्चा से कभी नहीं भागती है। राज्यसभा के नेता सदन ने कहा कि चुनाव आयोग के पास चुनाव सुधार का अधिकार है और यह एक संवैधानिक संस्था है। उन्होंने कहा कि संविधान के तहत चुनाव आयोग को समय-समय पर मतदाता सूची की जांच और सत्यापन करने का अधिकार है। नड्डा ने यह भी कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक है और इसका उद्देश्य चुनाव व्यवस्था को मजबूत बनाना है।

# नीता अंबानी की आंखों से ही कांप उठती हैं बहुएं ? फंक्शन में सास को देख घबराई राधिका मर्चेंट, कर बैठीं ये गलती

(जीएनएस)।

अंबानी फैमिली आए दिनों किसी ना किसी वजह से सोशल मीडिया पर छाई रहती है। कभी फैमिली को इवेंट में स्पॉट किया जाता है तो कभी फैमिली को किसी फंक्शन में देखा जाता है। वैसे जब से राधिका मर्चेंट की शादी हुई है तब से तो वह आए दिनों अपनी सास नीता अंबानी के साथ इवेंट में शिरकत करती हैं। ऐसे में एक अफवाह यह भी उड़ी थी कि राधिका मर्चेंट के आने की वजह से नीता अंबानी अब श्लोका पर खास ध्यान नहीं देती हैं, लेकिन ऐसा नहीं है।



नीता अंबानी से घबराती हैं दोनों बहुएं

फिलहाल तो हाल ही में एक वीडियो अंबानी परिवार का सोशल मीडिया पर खासा पसंद किया जा रहा है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि एक फंक्शन में राधिका मर्चेंट, श्लोका मेहता और नीता अंबानी सभी जाते हैं। एक सोफे पर राधिका और श्लोका बात करती नजर आती हैं उतने में ही उनके पास नीता अंबानी आकर बैठ जाती हैं। जैसे ही दोनों बहुएं नीता अंबानी को खुद को पास बैठा देखती हैं दोनों सास के सम्मान में खड़ी हो जाती हैं।

लोगों ने की राधिका और श्लोका की तारीफ

वीडियो को देखकर इतना तो समझा जा सकता है कि नीता अंबानी को दोनों ही बहुएं बेहद ही इज्जत देती हैं। दोनों ही सास को सम्मान देने के लिए अपनी जगह से खड़ी हो जाती है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो पर यूजर्स के कमेंट्स की लंबी लाइन लग गई है। जहां एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा- क्या बात है क्या संस्कार हैं। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा- अंबानी परिवार की यही तो खासियत है। इतने अमीर होने के साथ-साथ बच्चों में संस्कार भरे हैं। बता दें कि लोग को इस वीडियो को देख राधिका मर्चेंट और श्लोका अंबानी भी भर-भरकर तारीफ करते नजर आ रहे हैं।

# प्रेमानंद महाराज ने अनुष्का-विराट को दिया गुरु ज्ञान, सुनते ही भावुक हुई एक्ट्रेस जोड़े बाबा के सामने हाथ...

(जीएनएस)।

भारत के मशहूर क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा हाल ही में एक बार फिर वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन के लिए पहुचें थे। आपको बता दें कि अनुष्का शर्मा और विराट कोहली भारत में नहीं रहते हैं। बच्चों की परवरिश के लिए कपल लंदन में रहता है, लेकिन जब भी दोनों भारत आते हैं दोनों वृंदावन आकर प्रेमानंद महाराज के दर्शन जरूर करते



हैं। फिलहाल तो हाल ही में दोनों ने प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए साथ ही अपने प्रश्नों को भी प्रेमानंद महाराज के सामने रखा। दोनों का ऐकांतिक वातार्लाप का वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है।

प्रेमानंद महाराज के दर्शन करने गए अनुष्का-विराट

इस मुलाकात में प्रेमानंद महाराज ने कुछ ऐसा कहा कि अनुष्का शर्मा तो अपने आंसू नहीं रोक पाई और विराट कोहली हाथ जोड़े बैठे दिखे। भजन मार्ग के ऑफिशियल इंस्टा पर एक वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो में प्रेमानंद महाराज दोनों को सीख दे रहे हैं। वह कहते हैं कि 'हर किसी को अपने काम को भगवान की सेवा समझकर करनी चाहिए। मन में गंभीरता और विनम्रता बनाए रखनी चाहिए। नाम जप कीजिए बस। जो अपना असली पिता है। जिसने मुझे प्रकट किया है। जिसने मुझे बनाया है। एक बार उसे देखें ऐसी लालसा होनी चाहिए। सुनते हैं बड़े सुंदर हैं। एक बात तो देखना ही चाहिए ना। वह अपने हैं प्यार हैं तो एक बार यह लक्ष्य जरूर बना लेना चाहिए कि बस मैं आपके एक बार मिलना चाहता हूं। आपने सभी सुख दिखा दिए अब मुझे कुछ नहीं चाहिए। अब मुझे आप चाहिए और अगर आप चाहिए तो सारे ही सुख आपके चरणों में आ जाएंगे।'

प्रेमानंद महाराज की बातें सुन भावुक हुई अनुष्का

प्रेमानंद महाराज आगे कहते हैं कि 'हम नीले छत्र के नीचे हैं। हम सभी उसे के बच्चे हैं। आगे का मार्ग आप नहीं जानते तो हम आपका हाथ पकड़

# मैदान की सफाई करते थे पिता, फूल बेचती थी मां, अब मिनटों में करोड़ों का मालिक बना बेटा!

(जीएनएस)।

आईपीएल 2026 की मिनी-ऑक्शन में श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका को दिल्ली कैपिटल्स (DC) ने 4 करोड़ की कीमत पर खरीदकर उन्हें टीम में शामिल किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद निसंका को IPL में यह पहला बड़ा मौका मिला है। दिल्ली ने निसंका को खरीदकर अपनी बल्लेबाजी को मजबूत किया है। दिल्ली ने एक भरोसेमंद सलामी बल्लेबाज की जरूरत को देखते हुए निसांका को खरीदा है।

बेहतरीन फॉर्म में हैं निसंका

निसंका हाल के वर्षों में श्रीलंका के लिए लगातार बल्ले से धमाल मचा रहे हैं। निसंका की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि वह वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाले पहले श्रीलंकाई बल्लेबाज हैं। उन्होंने पिछले साल अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे मैच में 210 रन की शानदार पारी



खेलकर महान सनथ जयसूर्या का 189 रन का रिकॉर्ड तोड़ा था। यह उपलब्धि साबित करती है कि यह युवा बल्लेबाज बड़े मंच पर बड़े स्कोर बनाने की क्षमता रखता है।

मैदान की सफाई करते थे पिता, फूल बेचती थी मां

आईपीएल में करोड़ों का करार हासिल करने वाले पथुम निसंका की पारिवारिक पृष्ठभूमि बेहद साधारण है। निसांक के पिता सुनील सिल्वा क्रिकेट ग्राउंड में ग्राउंड बॉय का काम करते थे और उनकी आय बहुत कम थी। यह काम उन्हें अपने बेटे के क्रिकेटिंग सपनों को पंख देने के लिए पर्याप्त नहीं था। वहीं, उनकी मां कलुतारा मंदिर के पास फूल बेचती थीं ताकि घर का खर्च चल सके।

IPL में छाप छोड़ने को तैयार निसांका

IPL 2026 की नीलामी श्रीलंकाई खिलाड़ियों के लिए काफी अच्छी रही है। निसंका की बोली से पहले, दो अन्य प्रमुख श्रीलंकाई खिलाड़ियों को भी टीमें मिली हैं। वानिंदु हसरंगा को 2 करोड़ की बेस प्राइस पर खरीदा गया। मथीशा पथिराना को उनकी बढ़ती टी-20 साख को देखते हुए एक बड़ी कीमत मिली। पथिराना को 18 करोड़ में खरीदा गया है। इन खिलाड़ियों के साथ निसंका अब IPL में अपनी छाप छोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# कैमरन ग्रीन के 25 करोड़ से वापस पैसा लेगी बीसीसीआई, नीलामी के तुरंत बाद लिया बड़ा फैसला

(जीएनएस)।

आईपीएल की मिनी-नीलामी ने उस समय सनसनी मचा दी जब कोलकाता नाइट राइडर्स (ङङफ) ने ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को खरीदने के लिए ₹25.2 करोड़ की अविश्वसनीय बोली लगाई। यह बोली न केवल नीलामी की अब तक की सबसे महंगी बोली थी, बल्कि इसने उन्हें क्लछ इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ियों में से एक बना दिया।

हालांकि इस रिकॉर्ड तोड़ खरीद के बावजूद ग्रीन की जेब में पूरे ₹25.2 करोड़ नहीं जाएँगे। बीसीसीआई (BCCI) के एक अप्रत्याशित नियम के चलते कैमरन ग्रीन को अपनी टीम ङङफ से सिर्फ ₹18 करोड़ मिलेंगे।

इस स्थिति के पीछे बीसीसीआई द्वारा लाया गया एक नियम है. मिनी-ऑक्शन में किसी भी विदेशी खिलाड़ी



पर बोली चाहे जितनी भी लगे, उस खिलाड़ी की अधिकतम फीस ₹18 करोड़ से अधिक नहीं हो सकती। यह ₹18 करोड़ की सीमा पिछली मेगा-नीलामी से पहले रिटेन किए गए शीर्ष भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों के लिए निर्धारित उच्चतम स्लैब के बराबर रखी गई है।

भले ही कैमरन ग्रीन को सिर्फ ₹18 करोड़ मिलें, लेकिन ङङफ के पर्स से पूरे ₹25.2 करोड़ काटे जाएँगे। यह फ्रेंचाइजी के पर्स पर बोली गई राशि का पूरा बोझ डालेगा, राशि चली जाएगी लेकिन प्लेयर और टीम दोनों को पूरा लाभ नहीं मिल पाएगा।

ग्रीन के बचे हुए पैसे का क्या होगा

कैमरन ग्रीन की बोली और उनकी वास्तविक कमाई के बीच का यह ₹7.2 करोड़ का बड़ा अंतर सीधे BCCI के प्लेयर वेलफेयर फंड में जमा किया जाएगा। इस फंड का उपयोग क्रिकेट और खिलाड़ियों के कल्याणकारी कार्यों के लिए किया जाता है।

RNI No.: UPHIN/25/A1697 Published & Owned by AJAYKUMAR RAMANLAL PRAJAPATI and Printed By SUSHILA SHUKLA at Krishna Printiers, 271/31 Chakmaki Dugawa, Rajendranagar, Lucknow-226018, Uttar Pradesh.
and Published from 538 GHA/85 Pataurganj, Near Janki Prasad Dharmshala, Sitapur Road, Niralanagar, Lucknow-226020, Uttar Pradesh. Editor : ASHWANI KUMAR

# आणंद - गोधरा सेक्शन पर स्पीड बढ़ाकर 110 किमी प्रति घंटा की गयी

वडोदरा मंडल द्वारा आणंद - गोधरा सेक्शन पर ट्रेनों की अधिकतम अनुमत स्पीड को सफलतापूर्वक बढ़ाकर 110 किमी प्रति घंटा कर दिया गया है। इससे रेल खंड की सेक्शन कैपेसिटी बढ़ेगी और समय की बचत होने से यात्रियों का सफर अधिक आरामदायक होगा।

पश्चिम रेलवे के जनसम्पर्क अधिकारी श्री अनुभव सक्सेना द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आणंद -गोधरा सेक्शन की कुल लंबाई 78 किलोमीटर है। सेक्शन पर यात्री यातायात शुरू होने पर अप लाइन पर स्पीड लिमिट लगाई गई थी। सेक्शन में स्पीड अपग्रेडेशन करने के लिए बैलास्ट प्रोफाइल में व्यवस्थित सुधार किया गया और साथ ही कुछ पुलों को और मजबूत किया गया।

यह पहल वडोदरा मंडल की आधुनिक रखरखाव तरीकों को अपनाने और बेहतर परिचालन दक्षता के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड का लाभ उठाने की प्रतिबद्धता को भी दशार्ती है। स्पीड अपग्रेडेशन से यात्रियों को इस महत्वपूर्ण रेल कॉरिडोर पर यात्रा के समय में कमी, ट्रेनों के सुचारू संचालन और सेवाओं की बेहतर विश्वसनीयता का लाभ मिलेगा।

वडोदरा मंडल यात्रिओं को तेज, सुरक्षित और अधिक आरामदायक रेल सेवाएं प्रदान करने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर आधुनिकीकरण और सुरक्षा-उन्मुख कार्यों को जारी रखने के लिए प्रतिबध्द है।

# माननीय विधायक श्री लक्ष्मणजी ठाकोर ने कलोल स्टेशन पर चार ट्रेनों के ठहराव का शुभारंभ किया

माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में माननीय विधायक श्री लक्ष्मणजी पुंजाजी ठाकोर ने 16 दिसंबर 2025 को कलोल रेलवे स्टेशन पर वलसाड-वडनगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, दिल्ली सराय रोहिल्ला-बांद्रा टर्मिनस गरीब रथ एक्सप्रेस, जोधपुर-केएसआर बेंगलुरु एक्सप्रेस और मुजफ्फरपुर-साबरमती जनसाधारण एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर माननीय विधायक, कलोल श्री लक्ष्मणजी ठाकोर ने अपने संबोधन में कहा कि कलोल रेलवे स्टेशन पर

1. 20959/60 वलसाड-वडनगर-वलसाड इंटरसिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, जो कलोल को वलसाड, सूरत, वडोदरा, अहमदाबाद तथा वडनगर जैसे महत्वपूर्ण शहरों से जोड़ती है।
2. 16507/08 जोधपुर-बेंगलुरु-जोधपुर एक्सप्रेस, जो कलोल को राजस्थान, महाराष्ट्र एवं दक्षिण भारत की राजधानी बेंगलुरु से जोड़ती है।
3. 15269/70 मुजफ्फरपुर-साबरमती-मुजफ्फरपुर जनसाधारण एक्सप्रेस, जो कलोल को बिहार सहित उत्तर भारत के विभिन्न क्षेत्रों से जोड़ती है और आम यात्रियों के लिए अत्यंत उपयोगी है।
4. 12215/16 दिल्ली सराय रोहिल्ला-बांद्रा टर्मिनस-दिल्ली सराय रोहिल्ला गरीबरथ एक्सप्रेस, जो कलोल को देश की राजधानी दिल्ली तथा आर्थिक राजधानी मुंबई से सीधे जोड़ती है।

इन सभी ट्रेनों के ठहराव से कलोल एवं आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को सीधी, सुलभ और समय की बचत करने वाली यात्रा सुविधा प्राप्त होगी। ऋक्रुउ्ठ छत्राल में कार्य करने वाले श्रमिकों को भी सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी तथा उनको ट्रेन पकड़ने के लिए महेसाणा और अहमदाबाद नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही विद्यार्थियों, नौकरीपेशा वर्ग, व्यापारियों, किसानों तथा स्थानीय श्रमिकों को अन्य बड़े स्टेशनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, जिससे यात्रा में होने वाला समय, श्रम और आर्थिक व्यय—तीनों में उल्लेखनीय कमी आएगी। इसके साथ ही व्यापार, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तथा पर्यटन को भी नई गति मिलेगी।

कलोल रेलवे स्टेशन का लगभग 44.22 करोड़ रु. की लागत से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत कलोल स्टेशन को आधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त, सुरक्षित एवं भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जा रहा है।

कलोल स्टेशन पर 40 फीट चौड़े फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है, जो स्टेशन के सभी प्लेटफार्मों को जोड़ते हुए शहर के पूर्व एवं पश्चिम दोनों भागों को आपस में जोड़ने का कार्य करेगा, जिससे यात्रियों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। साथ ही, स्टेशन के पूर्वी छोर पर द्वितीय प्रवेश (सेकेंड एंट्री) भवन का निर्माण भी किया जा रहा है, जिससे कलोल के पूर्वी क्षेत्र के नागरिकों को टिकट बुकिंग, प्रतीक्षालय एवं अन्य यात्री सुविधाओं का सीधा लाभ प्राप्त होगा।

वर्तमान में कलोल स्टेशन से प्रतिदिन लगभग 2,000 यात्री आवागमन करते हैं और 24 ट्रेनें यहां नियमित रूप से रुकती हैं। हैं। इन चार जोड़ी ट्रेनों के ठहराव के साथ कुल 32 ट्रेनों का ठहराव कलोल स्टेशन पर हो जाएगा।

इन चार ट्रेनों का कलोल स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान का समय निम्नानुसार रहेगाः

1. ट्रेन संख्या 20959/20960 वलसाड-वडनगर-वलसाड सुपरफास्ट एक्सप्रेस

ट्रेन संख्या 20959 वलसाड-वडनगर एक्सप्रेस 16 दिसंबर 2025 से कलोल स्टेशन पर 11.37 बजे आगमन एवं 11.39 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 20960 वडनगर-वलसाड एक्सप्रेस 16 दिसंबर 2025 से कलोल स्टेशन पर 18.15 बजे आगमन एवं 18.17 बजे प्रस्थान करेगी।

2. ट्रेन संख्या 12215/12216 दिल्ली सराय रोहिल्ला-बांद्रा टर्मिनस गरीब रथ एक्सप्रेस

ट्रेन संख्या 12215 दिल्ली सराय रोहिल्ला-बांद्रा टर्मिनस गरीब रथ एक्सप्रेस 16 दिसंबर 2025 से कलोल स्टेशन पर 22.41 बजे आगमन एवं 22.43 बजे प्रस्थान करेगी।

# अंतरजातीय विवाह की प्रोत्साहन राशि के नाम पर रिश्वतखोरी, जानिए कैसे कलेक्ट्रेट का बाबू रंगे हाथ धराया

(जीएनएस)।

मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के स्पष्ट निर्देशों के तहत लोकायुक्त पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में डीआईजी लोकायुक्त मनोज सिंह के मार्गदर्शन में भोपाल लोकायुक्त इकाई ने नर्मदापुरम जिले में बड़ी ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया है।

लोकायुक्त टीम ने अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन राशि के भुगतान के बदले रिश्वत मांगने वाले कलेक्टर कार्यालय के बाबू को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।



अंतरजातीय विवाह की प्रोत्साहन राशि के नाम पर रिश्वतखोरी

अंतरजातीय विवाह पर मिलने वाली राशि के लिए मांगी रिश्वत

लोकायुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आवेदक प्रवीण सोलंकी (उम्र 36 वर्ष), निवासी हरिजन मोहल्ला, ग्राम सिपुर, तहसील सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम ने अंतरजातीय विवाह किया था। शासन की योजना के तहत उन्हें ₹2 लाख की प्रोत्साहन राशि मिलनी थी। इसके लिए उन्होंने कलेक्टर कार्यालय स्थित जनजातीय कार्यालय विभाग में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 मनोज सोनी से संपर्क किया।

आरोप है कि आरोपी बाबू मनोज सोनी ने प्रोत्साहन राशि की फाइल बैकडेट में तैयार कर भुगतान कराने के बदले पहले ₹20,000 और काम पूरा होने के बाद ₹70,000 रिश्वत की मांग की। रिश्वत की यह मांग आवेदक के लिए असहनीय थी, जिसके बाद उन्होंने लोकायुक्त पुलिस से संपर्क किया।

शिकायत सत्यापन के बाद बिछाया गया जाल

आवेदक प्रवीण सोलंकी ने इस पूरे मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त भोपाल दुर्गेश राठौर से की। शिकायत की प्राथमिक जांच और सत्यापन के दौरान रिश्वत की मांग सही पाए जाने पर लोकायुक्त टीम द्वारा ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई गई।

₹10 हजार लेते हुए पकड़ा गया आरोपी

लोकायुक्त ट्रैप टीम ने 16 दिसंबर 2025 को नर्मदापुरम कलेक्टर कार्यालय स्थित जनजातीय कार्यालय में दबिश दी। जैसे ही आवेदक ने आरोपी मनोज सोनी को ₹10,000 की रिश्वत सौंपी, टीम ने उसे उसके कक्ष में रंगे हाथ पकड़ लिया। रिश्वत की राशि बरामद कर ली गई और आरोपी को तत्काल हिरासत में लिया गया।

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज

लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन 2018) की धारा 7 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और इस बात की भी जांच की जा रही है कि क्या इस प्रकार की रिश्वतखोरी में अन्य कर्मचारी भी शामिल हैं।

ट्रैप दल में ये अधिकारी रहे शामिल, इस सफल ट्रैप कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में शामिल रहे, उप पुलिस अधीक्षक बी.एम. द्विवेदी, उप पुलिस अधीक्षक अजय मिश्रा, निरीक्षक रजनी तिवारी, प्रधान आरक्षक रामदास कुर्मी, प्रधान आरक्षक मुकेश पटेल, आरक्षक मुकेश परमार, आरक्षक चैतन्य प्रताप सिंह, गौरव साहू

लोकायुक्त की सख्ती से मचा हड़कंप

इस कार्रवाई के बाद नर्मदापुरम कलेक्टर कार्यालय और अन्य शासकीय विभागों में हड़कंप मच गया है। लोकायुक्त अधिकारियों का कहना है कि सरकारी योजनाओं की राशि में घूसखोरी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी, खासकर तब जब वह सामाजिक सुधार और अंतरजातीय विवाह जैसी योजनाओं से जुड़ी हो।

लोकायुक्त पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी भी सरकारी कार्यालय में उनसे रिश्वत मांगी जाती है तो वे निर्भीक होकर लोकायुक्त में शिकायत करें, ताकि भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

# रिसोर्ट में हो रही शादी में मेहमान बनकर आए सांसी गैंग के चोर, लाखों का कैश और ज्वैलरी लेकर फरार

(जीएनएस)।

नैनीताल पुलिस ने रामनगर के रिसोर्ट में हुई चोरी का खुलासा किया है। जिसे सांसी गैंग के शातिर अपराधियों ने अंजाम दिया था। पुलिस ने बताया कि सांसी गैंग का नेटवर्क कई राज्यों में फैला है, जो बड़े बड़े होटल/ रिजार्ट में विवाह समारोह के दौरान मेहमान बनकर जाते है।



मौका मिलते ही नकदी/ बहुमूल्य आभूषणों पर हाथ साफ करके फरार हो जाते है। पुलिस ने आरोपियों से 12 लाख नगद और कुछ जेवरात बरामद किए इसके अलावा पुलिस ने एक घर में हुई चोरी का भी खुलासा किया है। पुलिस ने 30 लाख से अधिक के बेशकीमती सोने का जेवरात व बिस्किट सहित 12 लाख नगद बरामद किए हैं।

मामला-1 पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी का विवाह रामनगर के एक रिजोर्ट में था, जिसमें लगभग 300 लोग हमारे परिचित शामिल थे। उस दौरान एक बैग जिसमें सोने के गहने तथा नकद रुपए एंव उनका मोबाइल फोन को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। पुलिस ने जब जांच पड़ताल की तो

दो व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत हुए जिनकी शिनाख्त किये जाने पर मध्य प्रदेश का सांसी गैंग से सम्बन्ध होना पाया गया।

दोनो व्यक्ति कुणाल जिला राजगढ़ मध्य प्रदेश और अभिवन थाना बोड़ा जिला राजगढ़ मध्य प्रदेश जो कि कढियासासी के एक प्राईमरी स्कूल में चोरी के सामान का बटवारा कर रहे है। पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि अपराधी सांसी गैंग है।

सांसी गैंग का नेटवर्क कई राज्यों में फैला है, जो बड़े बड़े होटल/ रिजार्ट में विवाह समारोह के दौरान मेहमान बनकर जाते है, तथा मौका मिलते ही नकदी/ बहुमूल्य आभूषणों पर हाथ साफ करके फरार हो जाते है। पुलिस ने आरोपियों से 12 लाख नगद और कुछ जेवरात बरामद किए।

मामला-2 थाना रामनगर में पीड़ित द्वारा एक लिखित तहरीर दी गई। तहरीर में बताया कि वह दिल्ली गई थीं, वापस आने पर उनके घर के अंदर से अज्ञात चोर द्वारा दो कड़े, दो चूड़ियाँ एवं दो सोने के बिस्कुट चोरी किए पाए गए।

पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर रेलवे भूमि के खाली मैदान से नवदीप शर्मा निवासी रामनगर को गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त एक विधि विवादित किशोर को संरक्षण में लिया गया। पुलिस ने आरोपियों से दो पीली धातु के कड़े, दो चूड़ियाँ, दो सोने के बिस्कुट करीब तीस लाख रुपये के माल बरामद किए गए।

# 'किसानों को राजनीतिक लड़ाई में ना घसीटें', दिल्ली की जहरीली हवा पर क्या बोले भगवंत मान?

(जीएनएस)।

देश की राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में हर साल की तरह इस बार भी हवा की गुणवत्ता बेहद खराब हो गई है। इसी बीच, पराली जलाने को लेकर हो रही राजनीतिक खींचतान के बीच पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का बड़ा बयान सामने आया है।

आम आदमी पार्टी के " (पहले ट्विटर) हैंडल पर जारी एक वीडियो संदेश में, CM मान ने पंजाब के किसानों का बचाव किया। भगवंत मान ने दिल्ली की बिगड़ती हवा के लिए ठोस समाधान पर ध्यान देने की अपील की। साथ ही उन्होंने पंजाब को इसमें ना घसीटने की अपील की है।

गुरु की शिक्षा, किसानों का सम्मान

मुख्यमंत्री मान ने अपने संदेश में गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं का ज़िक्र करते हुए कहा, "गुरु नानक साहब ने सदियों पहले हवा को गुरु, पानी को पिता और धरती को मां का दर्जा दिया था। पंजाब के किसान आज भी इसी दर्जे और सम्मान को संभाल रहे हैं।"



उन्होंने आगे कहा कि पंजाब के किसानों पर इल्जाम लगाना बंद किया जाना चाहिए। उनका इशारा उन राजनीतिक दलों और लोगों की तरफ था जो दिल्ली के प्रदूषण के लिए सीधे तौर पर पंजाब के किसानों को जिम्मेदार ठहराते हैं। उन्होंने कहा कि मैं पंजाब के किसानों की तारीफ करता हूं।

पंजाब को राजनीतिक लड़ाई में मत घसीटो!!

गुरु नानक साहब ने सदियों पहले हवा को गुरु, पानी को पिता और धरती को मां का दर्जा दिया था और पंजाब के किसान इसी दर्जे को संभाल रहे हैं।

पंजाब के किसानों पर इल्जाम मत लगाइए और दिल्ली के वातावरण को सुधारने के लिए काम कीजिए।

दिल्ली की जहरीली हवा पर चिंता

उट मान ने दिल्ली की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, "इस समय दिल्ली की हवा जहरीली हो रखी है, लोगों को सांस लेना मुश्किल हो रहा है। फ्लाइट्स रद्द हो रहीं हैं।" उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली की हवा इतनी खराब हो गई है कि डॉक्टर लोगों को मॉर्निंग वॉक नहीं करने की सलाह दे रहे हैं जबकि पहले सेहत ठीक रखने के लिए मॉर्निंग वॉक करने की सलाह दी जाती थी।

उनका कहना था कि इस गंभीर समस्या को दूर करने के लिए राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से हटकर जमीन पर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार को स्थिति सुधारने पर ध्यान देना चाहिए।

# पालतू कुत्ते के काटने पर मालिक पर केस, जुमार्ना भी, जानिए नगर निगम ने क्या बनाए सख्त नियम

(जीएनएस)।

देहरादून में पालतू कुत्तों के हमलों की बढ़ती शिकायतों के बाद नगर निगम अब सख्त हो गया है। नगर निगम की आरे से इसको लेकर श्वान लाइसेंस उपविधि 2025 को तैयार किया गया है। इसके तहत पालतू कुत्ते के काटने पर मालिक पर प्राथमिकी दर्ज होगी। साथ ही जुमार्ना भी लगेगा।

राजधानी में रॉटविलर-पिटबुल के लगातार हमलों के बाद नगर निगम ने ये कड़े नियम बनाए हैं। कुत्तों को पालने संबंधी नियमावली श्वान लाइसेंस उपविधि 2025 तैयार की है। पालतू कुत्ते ने किसी को काटा तो उसके मालिक के खिलाफ नगर निगम प्राथमिकी दर्ज कराएगा। साथ ही कुत्ता भी जब्त किया जा सकता है।

आक्रामक प्रजाति के कुत्तों के पंजीकरण के लिए दो हजार रुपये शुल्क देना होगा। पंजीकरण से पूर्व उनका बधियाकरण और टीकाकरण आवश्यक है। नगर निगम ने उपविधि का अनंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। अब एक महीने तक दावे और आपत्तियां मांगी गई हैं, जिसके बाद इसे लागू किया जाएगा।

आक्रामक नस्ल के कुत्तों के पंजीकरण में ज्यादा शुल्क के साथ कड़ी शर्तें लगाई गई हैं, जबकि लावारिस कुत्तों को गोद लेने पर पंजीकरण शुल्क माफ किया गया है।



रात को पालतू कुत्ता भौंकने, खुले में शौच कराने और बिना पट्टे कुत्ते को सार्वजनिक स्थानों पर छोड़ने के मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बार-बार शिकायत आने पर मुकदमा दर्ज कराने का प्रावधान है।

उपविधि के तहत जिन कुत्तों की उम्र तीन महीने या फिर इससे ज्यादा है, उनका पंजीकरण कराना होगा।

यह पंजीकरण एक वर्ष के लिए वैध रहेगा।

कुत्ते के पंजीकरण के समय पशु चिकित्सक द्वारा जारी एंटी रेबीज टीकाकरण प्रमाणपत्र और बन्ध्याकरण का प्रमाण (केवल अति आक्रामक) कुत्ते के लिए लाना होगा।

यदि कुत्ते को खुला छोड़ा तो भी जुमार्ना लगाया जाएगा।

पांच या इससे अधिक कुत्ते पालने पर प्राइवेट श्वान पशु शेल्टर की श्रेणी में माना जाएगा।

यह शेल्टर एक निश्चित क्षेत्र में होगा और यहां पर्यवेक्षण एवं पर्याप्त देखभाल की सुविधा करनी होगी।

इसके लिए उत्तराखंड पशु कल्याण बोर्ड से प्राइवेट श्वान पशु शेल्टर की अनुमति लेनी होगी।

इसके साथ ही शेल्टर के आस-पास जो घर हैं उनसे एनओसी लेनी भी होगी।

कुत्तों का पंजीकरण दो श्रेणियों में कराया जाएगा। इसके तहत घरेलू नॉन ब्रीडिंग और दूसरी ब्रीडिंग श्रेणी।

घरेलू श्रेणी के पशु स्वामी को सामान्य कुत्ते के पंजीकरण के लिए 500 रुपये प्रति शुल्क अदा करना होगा।

कुत्ता आक्रामक श्रेणी का है जिसमें पिटबुल, रॉटविलर, डोगो अर्जेटीनो, अमेरिकन बुलडॉग शामिल है, तो पंजीकरण शुल्क दो हजार रुपये रहेगा।

कुत्तों की एक साल उम्र पूरी होने के बाद उनका एबीसी सर्जरी प्रमाणपत्र लाना होगा। इसके साथ ही एंटी रेबीज वैक्सीन का टीकाकरण का प्रमाणपत्र भी लाना होगा। विदेशी नस्ल के आक्रामक कुत्तों की ब्रीडिंग शहर में पूरी तरह प्रतिबंधित की गई है।

यदि कोई कुत्ता रात को बार-बार भौंक रहा है और उसका मालिक उसको ऐसा करने से रोकने के लिए कोई प्रयास नहीं करता है तो उस पर भी कार्रवाई का प्रावधान किया गया है।

# सात बेटियों ने पिता की अर्थी को दिया कंधा, सीआईएसएफ में तैनात बेटी ने मुंडन कराने के बाद दी मुखाग्नि

(जीएनएस)।

सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के गंगोलीहाट तहसील क्षेत्र में एक भावुक घटना सामने आई है। एक पूर्व सैनिक के निधन के बाद उनकी सात बेटियों ने पिता की अर्थी को कंधा दिया। इसके बाद श्मशान घाट पर मुखाग्नि देकर बेटे का दायित्व भी निभाया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगोलीहाट तहसील मुख्यालय से लगभग आठ किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत सिमलकोट के ऊकाला गांव निवासी पूर्व सैनिक कै किशन कन्याल का हल्द्वानी ले जाते समय रास्ते में ही उनका निधन हो गया। पूर्व सैनिक के निधन के बाद अंतिम संस्कार की रस्मों को लेकर परिजन और ग्रामीण असमंजस में थे।

बेटा न होने की वजह से परंपरा निभाने की चुनौती खड़ी हुई। लेकिन समाज की रुढ़ीवादी परंपराओं को पीछे छोड़ते हुए दिवंगत किशन कन्याल की सातों बेटियां आगे आईं और उन्होंने सर्वसम्मति से पिता की अंतिम संस्कार की सभी रस्में स्वयं निभाने का निर्णय लिया। सीआइएसएफ में तैनात बेटी ने वर्दी में अर्थी को कंधा दिया और मुंडन भी कराया।

दिवंगत किशन कन्याल की सात बेटियों में तीसरे क्रम की बेटी किरन वर्तमान में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में तैनात हैं। पिता के निधन के बाद किरन ने बेटे का फर्ज निभाया। मुंडन कराया और वर्दी में ही पिता की अर्थी को कंधा दिया। उनके साथ अन्य बहनों ने भी अंतिम यात्रा में भाग लिया।

रामेश्वर श्मशान घाट पहुंचकर किरन सहित उनकी बहनें शोभा, चांदनी, नेहा, बबली और दिव्यांशी ने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। एक अन्य बहन मंजू किसी कारणवश श्मशान घाट नहीं पहुंच सकीं, लेकिन उन्होंने भी पिता की अर्थी को कंधा देकर अपने दायित्व का निर्वहन किया।

श्मशान घाट पर बेटियों द्वारा निभाई गई इन रस्मों को देखकर वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। ग्रामीणों का कहना है कि बेटियों के इस असाधारण साहस और प्रेम की सराहना करते हुए कहा कि यह घटना केवल अंतिम संस्कार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के विचार को साकार करने वाली जीवंत मिसाल है।

# सानिया की बद्दुआ से जलकर राख हुई सना-शोएब की जोड़ी? क्रिकेटर के कदम से हिल गया पूरा पाकिस्तान!

(जीएनएस)।

एक बार फिर से पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक और उनके वैवाहिक जीवन की हेडलाइन्स सुर्खियों में हैं। जब मलिक ने भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा को तलाक देकर पाकिस्तानी अभिनेत्री सना जावेद से तीसरी शादी की थी, तब यह खबर किसी बम से कम नहीं थी।

अब उसी शादी को लेकर तलाक और अलगाव की जोरदार अफवाहें उठ रही हैं, जिसने पूरे उपमहाद्वीप में सनसनी फैला दी है। शोएब मलिक और सना जावेद का रिश्ता हमेशा लाइमलाइट में रहा है।



जनवरी 2024 में जब उन्होंने शादी की घोषणा की, तो सानिया मिर्जा के फैंस से लेकर पाकिस्तानी मीडिया तक, हर कोई हैरान रह गया था। लेकिन बीते कुछ महीनों से, यह हाई-प्रोफाइल जोड़ा सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों से धीरे-धीरे दूर होता जा रहा था।

हालांकि शोएब मलिक या सना जावेद की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, पर पाकिस्तानी पत्रकारों और आंतरिक सूत्रों का मानना है कि रिश्ते में गंभीर दरार आ चुकी है। दो साल से कम समय में ही अलगाव की खबरें आना, रिश्ते की नाजुक नींव को दशार्ता है। शोएब मलिक के करियर की व्यस्तताएं और सना जावेद की अभिनय दुनिया में बढ़ती मांग, शायद उन्हें एक-दूसरे से दूर खींच रही है।

यह अटकलें तब और तेज हो गईं जब सना जावेद को हालिया सार्वजनिक कार्यक्रम में अकेले देखा गया और उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर किसी भी निजी सवाल का जवाब देने से पूरी तरह इनकार कर दिया।

सना जावेद की हुई काफी ट्रोलिंग

सानिया मिर्जा को तलाक देकर शोएब मलिक ने जब शादी की थी, तब उनकी आलोचना हुई थी। सना जावेद को घर तोड़ने वाली महिला कहा गया था। उनकी जमकर ट्रोलिंग भी हुई थी। अब सना और शोएब के रिश्ते में दरार की खबरों को लेकर फैन्स का मानना है कि सानिया मिर्जा की बद्दुआ की वजह से दोनों का रिश्ता खराब हो रहा है। सना और शोएब की तरफ से मामले पर आधिकारिक बयान का इंतजार हर कोई कर रहा है।

कितना कमा लेती हैं सना जावेद

सना जावेद मुख्य रूप से एक पाकिस्तानी टेलीविजन अभिनेत्री हैं। उन्होंने 2012 में अभिनय की शुरूआत की, लेकिन उन्हें व्यापक सफलता 2017 के सामाजिक-रोमांटिक ड्रामा 'खानी' में मुख्य भूमिका निभाने के बाद मिली, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार भी मिला। उनके सफल टेलीविजन करियर और विज्ञापनों से उनकी अनुमानित नेटवर्थ लगभग $5 मिलियन से $8 मिलियन (लगभग ₹40 करोड़ से ₹65 करोड़) के बीच है।

# बलरामपुर पुलिस द्वारा थाना महराजगंज तराई क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर भगा ले जाने से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

(जीएनएस)।

घटना का संक्षिप्त विवरण- वादी निवासी मिजार्पुर थाना महराजगंज तराई जनपद बलरामपुर द्वारा को थाना म0तराई पर एक प्रार्थना-पत्र दिया कि विपक्षी फैसल पुत्र इब्राहिम निवासी मनकापुर थाना गैसड़ी जनपद बलरामपुर द्वारा मेरी नाबालिक पुत्री को घर से बहला-फुसला कर भगा ले जाया गया है जिसके सम्बन्ध में थाना महराजगंज तराई पर मु0अ0सं0- 104/2025 धारा 137(2)/64(1)/352/351(3) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट बनाम फैसल पुत्र इब्राहिम निवासी मनकापुर थाना गैसड़ी जनपद बलरामपुर पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक जनपद बलरामपुर विकास कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही एवं रोकथाम जुर्म जरायम



के सम्बन्ध में दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी ललिया देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार तिवारी के कुशल नेतृत्व में गठित टीम उ0नि0 श्री सुदर्शन सिंह, हे0का0 मनोज गुप्ता, हे0का0 ओंकार चौधरी थाना महराजगंज तराई के द्वारा आज दिनांक 16.12.2025 को मुखबिर खास की सूचना पर कौवापुर मोड़ थाना महराजगंज तराई के पास से घटना में नामित वांछित अभियुक्त फैसल पुत्र इब्राहिम निवासी मनकापुर थाना गैसड़ी जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त फैसल उपरोक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय रवाना किया जा रहा है।

गिरफ्तारी का स्थान – कौवापुर मोड़ थाना मह0 तराई जनपद बलरामपुर

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

फैसल पुत्र इब्राहिम निवासी मनकापुर थाना गैसड़ी जनपद बलरामपुर

# आदर्श बजरंग नर्सरी स्कूल फतेहगंज का शैक्षिक भ्रमण सम्पन्न

(जीएनएस)।

जनपद बांदा के तहसील अतर्रा क्षेत्र अंतर्गत आदर्श बजरंग नर्सरी स्कूल फतेहगंज द्वारा विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान निजी वाहन द्वारा विद्यालय के 22 बच्चों को ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया गया।

भ्रमण के दौरान बच्चों ने चित्रकूट जिले के प्रसिद्ध भरतकूप मंदिर के दर्शन किए। विद्यार्थियों को मंदिर के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व की जानकारी दी गई। मान्यता है कि भगवान श्रीराम के वनवास काल में उनके छोटे भाई भरत ने भारतवर्ष के सभी तीर्थों से जल एकत्र कर भरतकूप में डाला था, जिसके कारण यह स्थल अत्यंत प्रसिद्ध हुआ।

इसके पश्चात सभी छात्र कामतानाथ पर्वत पहुंचे, जहां उन्होंने परिक्रमा कर धार्मिक आस्था और संस्कृति को




नजदीक से जाना। बताया गया कि चित्रकूट वह पावन भूमि है जहां भगवान श्रीराम ने माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ अपने 14 वर्षों के वनवास काल में लगभग 12 वर्ष निवास किया था। यहीं से वे पंचवटी के लिए प्रस्थान किए थे।

शैक्षिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में स्थित एक ऐतिहासिक और दर्शनीय स्थल है जिसे मिनी खजुराहो भी कहा जाता है जिसे पेशवा विनायक राव ने 19वीं सदी में बनवाया था और ये महल और मंदिर परिषद के रूप में मौजूद है जहां भगवान शिव को समर्पित एक नक्काशीदार मंदिर प्रमुख है

इसके अलावा गोस्वामी तुलसीदास से जुड़े स्थलों की जानकारी भी बच्चों को दी गई। बताया गया कि चित्रकूट में ही भगवान राम का राज्याभिषेक करने के लिए भरत ने सभी नदियों का जल एकत्र किया था तथा यहीं अत्रि मुनि का आश्रम भी स्थित है।

विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक गोपीचंद विश्वकर्मा ने सभी ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों के महत्व के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य भोला राम पटेल सहित शिक्षक सचिन कुमार, शालिनी, नवरात्रि एवं विनीता उपस्थित रहीं।

# पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस लाइन में स्थापित समस्त शाखाओं/कार्यालयों का किया गया वार्षिक निरीक्षण

(जीएनएस)। **बांदा**

निरीक्षण के दौरान वाचक कार्यालय, साइबर क्राइम थाना, यूपी-112 कार्यालय व अन्य सभी शाखाओं/कार्यालयों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।*

बांदा-पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा दिनांक 16.12.2025 को पुलिस लाइन में स्थापित समस्त शाखाओं/कार्यालयों का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा वाचक कार्यालय, आईजीआरएस शाखा, अपराध शाखा, चुनाव सेल, गुमशुदा सेल, मॉनिटरिंग सेल, स्थानीय अभिसूचना इकाई, वीवीआईपी सेल, फील्ड यूनिट, अलळव, साइबर क्राइम थाना, यूपी-112 कार्यालय, जिला नियंत्रण कक्ष, रेडियो शाखा, यातायात कार्यालय, क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय व क्षेत्राधिकारी सदर कार्यालय आदि



का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित शाखाओं के अभिलेखों की जांच कर उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रभारी डायल-112 को आपातकालीन पुलिस सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं संवेदनशील बनाने तथा आमजनमानस को इसके उपयोग के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त शाखा प्रभारियों को अपने-अपने कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित प्रकरणों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए कार्यालय के कार्यों को सुव्यवस्थित एवं जनहितकारी ढंग से संचालित करने पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को भी जाना तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु सम्बन्धित को आदेशित भी किया गया। कार्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं अनुशासन बनाए रखने पर विशेष बल दिया तथा सभी कर्मचारियों से अपेक्षा की, कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, जिससे जनसामान्य को बेहतर सेवा उपलब्ध कराई जा सके। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा/क्षेत्राधिकारी लाइन सुश्री मेविस टॉक, क्षेत्राधिकारी सदर श्री राजवीर सिंह गौर, क्षेत्राधिकारी डायल-112/यातायात सुश्री प्रतिज्ञा सिंह, प्रतिसार निरीक्षक श्री वेलास यादव आदि उपस्थित रहे।

# रीवा में टीआई पर हाईकोर्ट की सख्ती क्यों? सीएम हेल्पलाइन जबरन बंद कराने का आरोप, कोर्ट ने मांगा जवाब

(जीएनएस)।

मध्य प्रदेश में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जबलपुर हाईकोर्ट ने रीवा जिले के सगरा थाना प्रभारी (टीआई) पर सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस विभाग के शीर्ष अधिकारियों से जवाब तलब किया है। मामला पद के दुरुपयोग, न्यायालय के आदेश की अवहेलना और फरियादी की सीएम हेल्पलाइन शिकायत जबरन बंद कराने जैसे गंभीर आरोपों से जुड़ा है।

हाईकोर्ट ने इस मामले में पुलिस महानिदेशक (DGP), आईजी रीवा जोन और रीवा एसपी को नोटिस जारी कर विस्तृत जवाब मांगा है। इसके साथ ही कोर्ट ने सगरा थाने के सीसीटीवी फुटेज भी तलब किए हैं, जिससे पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

सीएम हेल्पलाइन जबरन बंद कराने का आरोप, कोर्ट ने मांगा जवाब

जमीन विवाद से शुरू हुआ पूरा मामला

यह मामला रीवा जिले की सिरमौर तहसील के ग्राम मझियारी का है। यहां रहने वाले राजेश शुक्ला का अपने चाचा के साथ लंबे समय से जमीन विवाद चल रहा है। राजेश शुक्ला के अनुसार, इस विवाद में कमिश्नर कोर्ट ने जमीन पर यथास्थिति बनाए रखने (स्टे) का आदेश दिया था।

राजेश का आरोप है कि- उन्होंने विवादित खेत में धान की बुवाई की थी। कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद।




उनके चाचा ने सगरा पुलिस की मदद से फसल कटवा ली। इतना ही नहीं, पीड़ित का दावा है कि स्टे आदेश होने के बावजूद पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए उन्हीं के खिलाफ केस दर्ज कर दिया, जबकि वास्तविक दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करना पड़ा भारी

पुलिस की कथित मनमानी से परेशान होकर राजेश शुक्ला ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई। यहीं से मामला और गंभीर होता चला गया। याचिका में लगाए गए आरोपों के मुताबिक- पुलिस ने शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। जब राजेश ने शिकायत वापस लेने से इनकार किया। तो पुलिस ने पूरे परिवार को जबरन घर से उठा लिया।

पत्नी और बेटे को भी थाने ले गई पुलिस

राजेश शुक्ला का आरोप है कि पुलिस- उन्हें, उनकी पत्नी और बेटे को जबरन थाने ले गई। तीनों के मोबाइल फोन छीन लिए। इसके बाद पुलिस ने कथित तौर पर खुद ही सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायत को बंद कर दिया। पीड़ित परिवार का कहना है कि यह न केवल अधिकारों का हनन है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनता की शिकायत प्रणाली का खुला दुरुपयोग भी है।

हाईकोर्ट में पहुंचा मामला, पुलिस पर गंभीर सवाल

पुलिस कार्रवाई से आहत होकर राजेश शुक्ला और उनके परिवार ने जबलपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिका में-

दोषी पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने

थाना प्रभारी समेत जिम्मेदार अधिकारियों को निलंबित करने

और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई।

हाईकोर्ट ने मांगे सीसीटीवी फुटेज

मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने केवल जवाब ही नहीं मांगा, बल्कि सबूतों की जांच के लिए बड़ा आदेश दिया है। कोर्ट ने सगरा थाने से- 24 से 26 अक्टूबर 2025, 13 से 15 नवंबर 2025 की पूरी सीसीटीवी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखकर पेश करने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश इसलिए अहम माना जा रहा है, क्योंकि सीसीटीवी फुटेज से यह साफ हो सकता है कि-

क्या परिवार को जबरन थाने लाया गया

क्या मोबाइल छीने गए

और क्या शिकायत बंद कराने में दबाव बनाया गया

पुलिस ऐसा क्यों करती है? उठ रहे बड़े सवाल

इस मामले ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि-

क्या सीएम हेल्पलाइन जैसी जनसुनवाई व्यवस्था भी सुरक्षित है?

क्या पुलिस पद और पावर का इस्तेमाल कर आम नागरिक को चुप कराने की कोशिश करती है?

और क्या कोर्ट के आदेश भी जमीनी स्तर पर प्रभावी हैं?

कानूनी जानकारों का कहना है कि यदि आरोप साबित होते हैं, तो यह मामला मानवाधिकार उल्लंघन, अवैध हिरासत और सरकारी सिस्टम के दुरुपयोग की श्रेणी में आएगा।

पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

हाईकोर्ट की सख्ती और सीसीटीवी फुटेज तलब किए जाने के बाद रीवा पुलिस महकमे में हड़कंप की स्थिति है। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि-

पुलिस विभाग कोर्ट के सामने क्या जवाब देता है

# सरकारी तालाब पर अवैध कब्जा,घरों का गंदा पानी तालाब में किया जा रहा प्रवाहित।

(जीएनएस)।

बांदा -उत्तरप्रदेश के बांदा ज़िले की बबेरू तहसील के मुरवल गांव के विनोद सिंह नाम के एक निवासी ने गाटा संख्या 504, जो एक सरकारी तालाब है, के बारे में शिकायत दर्ज कराई है शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कुछ खास लोगों ने तालाब के दक्षिणी किनारे पर पक्के मकान बना लिए हैं, जिससे उन्होंने जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है।

गजराज, हरि, रामसरन, श्यामदेव, रामकुमार, शिवकुमार, श्रीराम, मुनुआ तालाब की जमीन पर पक्के घर बनाए है इसके अलावा, इन निवासियों पर अपने घर का सारा गंदा पानी सीधे तालाब में डालने का भी आरोप है,



जिससे तालाब का पानी बहुत ज्यादा दूषित हो रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार, खुद उनके और अन्य ग्रामीणों द्वारा इन गतिविधियों को रोकने की कोशिशों का विरोध किया गया तो स्थानीय हाथापाई पर उतारू हो गए।

वहीं स्थानीय प्रशासन पर भी सवाल उठाए गए हैं, क्योंकि मुरवल के ग्राम प्रधान पर आरोप है कि उन्होंने आरोपी पक्षों के साथ आपसी मिलीभगत व सांठगांठ के कारण कोई कार्रवाई नहीं की है।

अधिकारियों से अपील की गई है कि ज़िला प्रशासन और राजस्व विभाग तुरंत हस्तक्षेप करें, सर्वे (नाप) करें और अवैध निमार्णों को हटाकर सरकारी जमीन को वापस कब्जा मुक्त किया जाए जिससे उसका सुंदरीकरण हो सके।

हालांकि स्थानीय प्रशासन ने अभी तक शिकायत पर आधिकारिक तौर पर कोई जवाब नहीं दिया है। वहीं जब वहां के लेखपाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है जिसका संज्ञान ले मौके पर जाकर जांच की जाएगी उसके बाद ही कुछ कहां जा सकता है।।

# संजय गांधी जिंदा होते तो देश बहुत आगे बढ़ गया होता : वरुण गांधी





**युवाओं ने संजय गांधी की समाधि में पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि बाँदा व बुंदेलखंड क्षेत्र से बड़ी संख्या में शामिल हुए युवा**

(जीएनएस)।

बाँदा -: युवा नेता स्वर्गीय संजय गांधी की 79वीं जन्म जयंती पर नई दिल्ली के राजघाट स्थित शांतिवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें देशभर के युवाओं ने प्रतिभाग किया। इसमें बाँदा व बुन्देलखण्ड के युवा भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और स्व. संजय गांधी की समाधिक स्थल जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक सभा में शामिल हुए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी व युवा हृदय सम्राट वरुण गांधी भी मौजूद रहे, सभी युवाओं ने उनसे भेंट भी की।

रविवार को दिल्ली के राजघाट स्थित शांतिवन में आयोजित स्व. संजय गांधी के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बाँदा से समाजसेवी बसंत गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवाओं ने भागीदारी की और स्व. संजय गांधी की समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान समाजसेवी श्री गुप्ता ने बताया कि युवा हृदय सम्राट वरुण गांधी के ओजस्वी विचारो को सुनने का मौका मिला, जिसमें उन्होंने अपने पिता स्व. संजय गांधी की नीतियों व देश हित में किए गए कार्यो को विस्तार से बताया। कहा कि सभी युवाओं ने परिवार के सदस्य की तरह उपस्थित होकर अपना स्नेह जो दिया है। उससे हमारे परिवार को बल मिला है। उन्होंने सभी के प्रति आभार भी व्यक्त किया है। ज्ञात रहे बसंत गुप्ता वरुण गांधी से पिछले कई सालो से जुड़े हैं। उनका मानना है कि कार्यक्रम में शामिल होकर पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी एवं वरुण गांधी का आत्मिक स्नेह प्राप्त हुआ है। श्रद्धांजलि सभा में वरुण गांधी ने बताया कि यदि स्वर्गीय संजय गांधी जी होते तो देश बहुत आगे बढ़ चुका होता, क्योकि वह कुशल नेतृत्व क्षमता के स्पष्टवादी नेता थे और देश में भ्रष्टाचार खत्म हो गया होता। श्रद्धांजलि सभा में बाँदा से बसंत कुमार गुप्ता के अलावा मोहनीश, यशोवर्धन सिंह, अमित गुप्ता, उरई से सूरज पाण्डेय सूर्या, कमलाकांत, सतीश वर्मा सहित बड़ी सख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सिमौनी गांव के मौनी बाबा धाम में खादी ग्रामोद्योग व राष्ट्रीय पटसन बोर्ड सहित सभी दुकाने लगी,मेले की तैयारी हुई पूर्ण

(जीएनएस)। **बांदा**

बांदा -मामला बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत सिमौनी गांव का है। जहां मौनी बाबा धाम में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय विशाल भंडारा व मेले का आयोजन 15, 16, 17 दिसंबर को होता है। जिसको लेकर 14 दिसंबर दिन रविवार को भंडारा और मेले की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जिसमें खादी ग्राम उद्योग एवं वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार पटसन बोर्ड की जूट की दुकान लगाई गई हैं, इनके



अलावा पूरे मेले परिसर में दुकान सजकर तैयार हो गई हैं। और कल 15 दिसंबर से निरंतर 17 दिसंबर तक मेला चलेगा, जिसमें सभी प्रकार की दुकान लगा दी गई है, जिसमें मिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बांदा अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के द्वारा आज रविवार को 4:00 बजे पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठकर चर्चा की गई, और सभी पुलिस कर्मियों एवं अधिकारियों को अपनी-अपनी ड्यूटी निर्वाहन करने के निर्देश भी दिए हैं। वही डॉग स्क्वायड टीम द्वारा मेला परिषद का सघन चेकिंग की गई वही खादी ग्रामोद्योग की दुकानों का नायब तहसीलदार मनोहर सिंह राजोले प्रसाद के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया है।

# निकाय चुनाव के बाद होगा शिवसेना-बीजेपी का ब्रेकअप? एकनाथ शिंदे और फडणवीस के बीच आरपार की जंग

(जीएनएस)।

महाराष्ट्र के निकाय चुनाव दोनों प्रमुख गठबंधन के भविष्य के लिए अहम है। शरद पवार और उद्धव ठाकरे जैसे दिग्गज नेताओं के लिए यह अस्तित्व बचाने की चुनौती है। हालांकि, चुनाव से पहले ही नए समीकरण बनने और पुराने के टूटने की अटकलें भी शुरू हो गई हैं। विधानसभा चुनाव नतीजे आने के बाद से ही दावा किया जा रहा है कि एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस के बीच मनमुटाव है। निकाय चुनाव के नतीजे इस गठबंधन के टिकने या टूटने की अहम वजह बन सकते हैं।



मुंबई और ठाणे जैसे अहम शहरी क्षेत्रों में सत्तारूढ़ और विपक्षी दल चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। खबर है कि एकनाथ शिंदे ठाणे नगरपालिका के लिए सीटों के बंटवारे को लेकर अडिग रुख अपनाए हुए हैं। बताया जा रहा है कि शिंदे और फडणवीस के बीच होने वाली बैठक अहम है। मुंबई में शिंदे गुट-बीजेपी की अहम बैठक

– मुंबई महानगरपालिका चुनाव को लेकर शिवसेना शिंदे गुट और बीजेपी के बीच सीट शेयरिंग पर पहली औपचारिक बातचीत होने जा रही है।

– इस बैठक में शिवसेना की ओर से मंत्री उदय सामंत, पूर्व सांसद राहुल शेवाले और राज्यमंत्री योगेश कदम शामिल होंगे। बीजेपी का प्रतिनिधित्व मंत्री आशीष शेलार, मुंबई बीजेपी अध्यक्ष अमित साटम, विधायक प्रवीण दरेकर और अतुल भातखलकर करेंगे।

– सूत्रों के मुताबिक, शिवसेना बातचीत की शुरूआत 50-50 सीट फॉमूर्ले के प्रस्ताव के साथ करेगी। आंकड़ों पर नजर डालें तो 2012 और 2017 के चुनावों को मिलाकर शिवसेना (शिंदे गुट) के पास कुल 125 पूर्व पार्षद रहे हैं। 2017 में बीजेपी ने अकेले दम पर 82 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस बार बीजेपी ने 100 से ज्यादा सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया है। दूसरी ओर, राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के बीच गठबंधन फिलहाल बरकरार रहने के संकेत हैं।

एकनाथ शिंदे अब और समझौते के मूड में नहीं ठाणे महानगरपालिका चुनाव को लेकर उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी पूरी तरह सक्रिय हो गए हैं। चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद आज वह ठाणे में पार्टी पदाधिकारियों के साथ एक अहम बैठक करने जा रहे हैं। इस बैठक में सभी वरिष्ठ नेता, विभाग प्रमुख, शाखा प्रमुख, विधायक, सांसद और पूर्व पार्षद शामिल होंगे। सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि शिंदे पहले ही डिप्टी सीएम बनाए जाने और मनचाहे मंत्रालय नहीं मिलने से नाखुश हैं।

कहा तो यहां तक जा रहा है कि वह कई बार अमित शाह से भी मुलाकात कर चुके हैं।

# क्रिप्टो मार्केट क्रैश! बिटकॉइन समेत बड़ी करेंसी गिरी, 24 घंटे में 11 लाख करोड़ डूबे

(जीएनएस)।

क्रिप्टोकरेंसी बाजार में मंगलवार, 16 दिसंबर को जबरदस्त उथल-पुथल देखने को मिली। बिटकॉइन से लेकर इथेरियम, रिपल और अन्य प्रमुख डिजिटल करेंसी में तेज गिरावट दर्ज की गई। बीते 24 घंटे में जहां अधिकांश क्रिप्टोकरेंसी 4 फीसदी से ज्यादा टूट गई, वहीं ग्लोबल क्रिप्टो मार्केट कैप भी बुरी तरह लुढ़क गया।

आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार सुबह करीब 8:30 बजे क्रिप्टोकरेंसी का कुल वैश्विक बाजार पूंजीकरण 3.05 ट्रिलियन डॉलर था, जो मंगलवार सुबह घटकर 2.93 ट्रिलियन डॉलर पर आ गया। यानी महज 24 घंटे में करीब 0.12 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 11 लाख करोड़ रुपये) की वैल्यू मार्केट से साफ हो गई। यह पिछले दो हफ्तों में आई सबसे बड़ी गिरावट मानी जा रही है।

बिटकॉइन की कीमत 86 हजार डॉलर से नीचे

क्रिप्टो मार्केट की सबसे बड़ी करेंसी बिटकॉइन भी इस गिरावट से अछूती नहीं रही। पिछले 24 घंटे में




बिटकॉइन की कीमत करीब 4.47 फीसदी गिरकर 85,700 डॉलर के आसपास पहुंच गई। वहीं पिछले 7 दिनों में इसमें 5 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई है।

गौरतलब है कि अक्टूबर महीने में बिटकॉइन ने रिकॉर्ड तेजी दिखाते हुए करीब 1.25 लाख डॉलर का स्तर छू लिया था। ऐसे में वहां से अब तक बिटकॉइन में बड़ी गिरावट देखने को मिली है, जिससे निवेशकों की चिंता बढ़ गई है।

इथेरियम, रिपल समेत दूसरी क्रिप्टो में भी हाहाकार

बिटकॉइन के साथ-साथ अन्य प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी में भी तेज गिरावट दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में इथेरियम की कीमत 4 फीसदी से ज्यादा टूटकर 3,000 डॉलर के नीचे आ गई। वहीं रिपल (XRP) में भी भारी बिकवाली देखने को मिली और इसकी कीमत 6 फीसदी से ज्यादा गिरकर 2 डॉलर से नीचे पहुंच गई।

इसके अलावा हाइपरलिक्विड क्रिप्टो में 8 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई और यह करीब 1.50 डॉलर पर आ गया। पाई नेटवर्क में भी करीब 5 फीसदी की कमजोरी देखी गई।